**सेंट ज़ेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल**, **दिल्ली**-54

**कक्षा**-9 | **प्रथम सत्र परीक्षा** ( 2023 – 2024) | **कुल अंक** -80

दिनाँक **– 13.09.2023** | **हिंदी** | **समय**-3 **घंटे**

**सामान्य निर्देश**– 1. **इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं- खंड 'क" और खंड 'ख"।**
**खंड 'क" में बहुविकल्पीय/ वस्तुपरक और खंड 'ख" में वस्तुनिष्ठ/ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।**

2. **प्रश्न पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या** 17 **हैं और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
3. **यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।**

**खंड 'क'- (बहुविकल्पीय / वस्तुपरक प्रश्न)**

**प्र 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए।** **( 1×5=5 )**

**हॉकी काफी लोकप्रिय खेल है। इस खेल में देखा जाए तो कई महान खिलाड़ी हुए पर इन सभी में एक नाम सभी के जेहन में आता है मेजर ध्यानचंद का। ध्यानचंद जब भी मैदान में उतरते तो विरोधी टीम में सनसनी फैल जाती थी। विरोधी खेलने से पूर्व ही हार मान लेते थे। कई बार विपक्षी टीमों को अकेले ही ध्यानचंद हरा देते थे। ध्यानचंद हॉकी से पूर्व फौज में थे। ये अपने खेल का जलवा पूरे विश्व में बिखेर चुके थे। जर्मनी जैसे देशों में ध्यानचंद की स्टिक को तोड़कर चेक किया गया, क्योंकि इनके खेलने का अंदाज ही कुछ ऐसा था मानो स्टिक में चुम्बक लगी हो। हिटलर ने अपने देश की ओर से ध्यानचंद को खेलने का न्योता दिया पर इसे ध्यानचंद ने ठुकरा दिया।**

**ध्यानचंद की कई प्रतिमाओं में उनके चार हाथ तथा सभी हाथों में स्टिक बनाई गई। जिसका अर्थ होता है, कि ये बहुत पतले हैं तथा कई लोगों का काम अकेले करने वाले थे।**

**ध्यानचंद काफी तेज व फुर्तीले थे इसी कारण उन्हें 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। वे किसी भी कोने से गोल कर सकते थे । ये बचपन में पेड़ों की डालियों से हॉकी खेलने के लिए स्टिक बनाते व पुराने कपड़ों से गेंद बनाकर खेला करते थे। उन्हें सिर्फ** 16 **वर्ष की आयु में इंडियन आर्मी में शामिल कर लिया गया। इनके पहले कोच भोले तिवारी थे परंतु उन्हें आर्मी में होने के कारण ज्यादा खेलने का वक्त नहीं मिलता था इसलिए वह रात को चाँद की रोशनी में अभ्यास करते थे। इन्हीं लक्षणों से पता चलता है कि इनमें हॉकी के प्रति कितनी दीवानगी थी। इनका हॉकी खिलाड़ी का दौर शुरू हुआ, जब वे मात्र** 21 **वर्ष के थे।**

**ध्यानचंद के जमाने में भारत ने कई स्वर्ण पदक जीते जिसमें** 1928 **एम्सटर्डम ओलंपिक**, 1932 **लॉस एंजलिस ओलंपिक**,1936 **के बर्लिन ओलम्पिक जीतकर इतिहास के पन्नों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा दी। सन्** 1943 **में इन्होंने हॉकी को अलविदा कह दिया। आज भी नई दिल्ली में मेजर ध्यानचंद स्टेडियम है। उनका जन्मदिन** 29 **अगस्त 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। ध्यानचंद के जीवन के वर्षों को 'ध्यानचंद शताब्दी' का नाम दिया गया है।**

**(क) भारत में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' कब मनाया जाता है**?

(i) 29 **अप्रैल** (ii) 29 **जुलाई** (iii) 29 **अगस्त** (iv) 29 **अक्टूबर**

**(ख)** गद्यांश में दिए इन शब्दों में से कौन–सा शब्द सही हैं।

(i) **शताब्दि** ((ii) **फुतीर्ला** (iii) **एम्सटर्डम** (iv) **फोज**

**(ग) ध्यानचंद के जीवन के वर्षों को 'ध्यानचंद शताब्दी' का नाम क्यों दिया गया**?

(i) **वे हॉकी के जादूगर थे।** (ii) **वे अपने खेल जीवन में सर्वोच्च खेल का प्रदर्शन करते थे।**
(iii) **खेल खेलने से पूर्व विरोधी हार मान लेते थे।** (iv) **उपर्युक्त सभी।**

Contd…..2.

(घ) **ध्यानचंद की कई प्रतिमाओं में उनके चार हाथ और सभी हाथों में स्टिक क्यों बनाई गई है**?

(i) **वे बहुत फुर्तीले थे और कई खिलाड़ियों के काम अकेले करते थे।**

(ii) **किसी भी कोने से गोल पोस्ट पर नहीं पहुँचा पाते थे।**

(iii) **उनकी स्टिक में चुंबक था।**

(iv) **उनमें हॉकी के प्रति दीवानगी नहीं थी।**

ङ) **जर्मनी में उनकी स्टिक को तोड़कर क्यों देखा गया**?

(i) **ध्यानचंद के खेलने का अंदाज ऐसा होता था मानो स्टिक में चुंबक लगी हो**

(ii) **स्टिक से बॉल को दूर ही नहीं होने देते थे**

(ii) **विरोधी खिलाड़ी स्टिक में बॉल ले ही नहीं पाते थे।**

(iv) **उपर्युक्त सभी**

**प्र 2. अपठित** काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए काव्यांश **में से <u>किसी एक</u>** काव्यांश **पर** पूछे **गए प्रश्नों के उत्तर** का सही **विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर लिखिए।** **( 1×5=5 )**

**तिनका- तिनका लाकर चिड़िया रचती है**
**आवास नया**
**इसी तरह से रच जाता है**
**सृजन का आकाश नया ।**
**मानव और दानव में यूँ तो**
**भेद नज़र नहीं आएगा**
**एक पोंछता बहते आसूँ**
**जी भरकर, एक रुलाएगा।**
**रचने से ही आ पाता है**
**जीवन में विश्वास नया।**

**कुछ तो धरती पर केवल**
**खून बहाने आते हैं।**
**आग बिछाते हैं राहों में**
**फिर खुद भी जल जाते हैं।**
**जो खुद मिटने वाले होते**
**वे रचते इतिहास नया।**
**मंत्र नाश का पढ़ा करें कुछ**
**द्वार-द्वार पर जा कर के।**
**फूल खिलानेवाले रहते**
**घर-घर फूल खिला कर के।**

(क) **घर में फूल कौन खिलाता है**?

(i) **मानव और दानव** (ii) **परोपकारी लोग**

(iii) **धार्मिक व्यक्तियों का समूह** (iv) **मंत्र पढ़ने वाले**

(ख) **राह में आग बिछाने वालों के साथ क्या हुआ**?

(i) **वे नष्ट हो गए।** (ii) **वे खुश हुए।**

(iii) **वे उसी आग में जल गए।** (iv) **वे इतिहास रच गए।**

(ग) **मानव और दानव में क्या अंतर है**?

(i) **एक दु:ख घटाता है दूसरा बढ़ाता है।** (ii) **एक मानव है दूसरा राक्षस है।**

(iii) **राक्षस और मनुष्य में बहुत अंतर है।** (iv) **एक डराता है दूसरा डरता है।**

(घ) **'सृजन का आकाश' का आशय है-**

(i) **नए आकाश का बनना** (ii) **चिड़िया की तरह से नव निर्माण**

(iii) **आकाश का फिर से सृजन** (iv) **चिड़िया का नया घोंसला**

(ड.) **कविता का संदेश है-**

(i) **मानव और दानव दोनों ही इस संसार में हैं।** (ii) **राहों में आग नहीं बिछानी चाहिए ।**

(iii) **घर-घर में फूल खिलने चाहिए।** (iv) **खुद मिट कर भी दूसरों का भला करना चाहिए।**

**<u>अथवा</u>**

**Contd…..3.**

**पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी।**
**हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की ज़ुबानी।।**
**अनगिनत राही गए इस राह से, उनका पता क्या?**
**पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी।।**
**वह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है।**
**खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।।**

**पूर्व चलने के बटोही;**
**पंथ की पहचान कर ले।**

**यह बुरा है या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बिताना।**
**जब असंभव छोड़ यह पथ दूसरे पर पग बढ़ाना।।**
**तू इसे अच्छा समझ, यात्रा सरल इससे बनेगी।**
**सोच मत केवल तुझे ही यह पड़ा मन में बिठाना।।**
**हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर खड़ा है।**
**तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।।**
**पूर्व चलने के बटोही;**
**पंथ की पहचान कर ले।**

(क) **यात्रा प्रारंभ करने से पहले क्या ज़रूरी है?**
(i) **यात्रा की तैयारी** (ii) **मार्ग की पहचान**
(iii) **साथियों से बातचीत** (iv) **बड़ों से अनुमति**

(ख) **पथिक के पैरों की निशानी को कवि ने क्या कहा है?**
(i) **मूक निशानी** (ii) **बोलती निशानी** (iii) **पुरानी निशानी** (iv) **अर्थपूर्ण निशानी**

(ग) **कवि के अनुसार यदि मार्ग असंभव हो तो हमें क्या करना चाहिए?**
(i) **भली-भाँति सोचना चाहिए** (ii) **दूसरे पथ की ओर बढ़ जाना चाहिए**
(iii) **कोशिश करते रहना चाहिए** (iv) **राह खोजनी चाहिए।**

(घ) **मार्ग के बारे में किस विश्वास से यात्रा सफल होती है?**
(i) **पथ कठिन है** (ii) **पथ भिन्न है** (iii) **पथ व्यर्थ है** (iv) **पथ अच्छा है**

(ङ) **'बटोही' शब्द का पर्यायवाची बताइए-**
(i) **मार्ग** (ii) **दिशा** (iii) **पथिक** (iv) **मन**

**व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**खंड 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)**

प्र3. **निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर दीजिए-** (1x4=4)

1. **पूर्व पद तथा उत्तर पद के मेल से जो नया शब्द बनता है उसे क्या कहते हैं?**
   **क. समस्त पद** **ख. समास विग्रह** **ग. क्रिया** **घ .पद**
2. **"तिरंगा- तीन रंगों का समूह" शब्द का समास भेद है-**
   **क. तत्पुरुष समास** **ख. द्वंद्व समास** **ग. द्विगु समास** **घ.बहुव्रीहि समास**
3. **'अंशुमाली' शब्द के लिए उचित विग्रह होगा-**
   **क. अंशु और माली** **ख. अंशु है मालाएँ जिसकी- सूर्य**
   **ग. अंशु मालियों का समूह** **घ. अंशु के समक्ष मालाएँ**
4. **किस समास में दोनों पद गौण होते हैं व अन्य पद प्रधान होता है।**
   **क. तत्पुरुष समास** **ख. द्वंद्व समास** **ग. द्विगु समास** **घ. बहुव्रीहि समास**
5. **'पूर्व–पश्चिम - पूर्व और पश्चिम' का सही समास भेद होगा-**
   **क. द्वंद्व समास** **ख. अव्ययीभाव समास** **ग. बहुव्रीहि समास** **घ. द्विगु समास**

प्र 4. **निर्देशानुसार 'उपसर्ग- प्रत्यय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर दीजिए-** (1x4=4)

1. **"अव"- उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है-**
   **क. अवतार** **ख. अधिक** **ग. अवतरण** **घ. अवसान**
2. **"आहट" प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है-**
   **क. सजावट** **ख. घबराहट** **ग. सनसनाहट** **घ. चिकनाहट**

**Contd.....4.**

3. **"अभि" उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है-**

**क. अभ्यास** **ख. अत्युत्तम** **ग. अभिकथन** **घ. अभिनेता**

4. **"ईमानदारी" शब्द में उपसर्ग, मूलशब्द, और प्रत्यय होंगे-**

**क. इ+मान+दार+ इ** **ख. ई+मान+दारी** **ग. ईम +मान +दारी** **घ. ई+मान+दार+ई**

5. **"हार" प्रत्यय से निर्मित शब्द है-**

i. **सेवनहार** ii. **दुकानदार** iii. **खेवनहार** iv. **होनहार**

**उचित विकल्प बताएँ-**

**क.** iv **सही है** **ख.** i **और** ii **सही है** **ग.**i, iii **और** iv **सही हैं** **घ.** iii **और** iv **सही है**

**प्र** 5. **'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के निर्देशानुसार सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर दीजिए-** (1x4=4)

1. **जब प्रस्तुत और अप्रस्तुत में बहुत अधिक समानता होने के कारण दोनों को एक समझ लिया जाता है। वहाँ अलंकार होता है-**

**क. अनुप्रास** **ख. यमक** **ग. रूपक** **घ. उपमा**

2. **निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में से किस काव्य-पंक्ति में उपमा अलंकार है-**

**क. उषा सुनहरे तीर बरसाती जय लक्ष्मी-सी उदित हुई।** **ख. पायोजी मैंने राम रतन धन पायो।**

**ग. क्या उनका उपकार भार तुम पर लवलेश नहीं है।** **घ. काली घटा का घमंड घटा ।**

3. **"चरण- कमल बंदौ हरिराई"**

**प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में कौन-सा अलंकार प्रयोग किया गया है-**

**क. अनुप्रास** **ख. यमक** **ग. रुपक** **घ. उपमा**

4. "हर बरस, बरस दिन आता है।"

**दी गई काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है-**

**क. उपमा** **ख. मानवीकरण** **ग. रूपक** **घ. यमक**

5. **"तरिन तनुजा तट तमाल तरुवर बहु छाए" काव्य-पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार है-**

**क. रूपक** **ख. अनुप्रास** **ग. उपमा** **घ. यमक**

**प्र 6. 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर शब्दों में उत्तर दीजिए -** **( 1×4=4 )**

1. **निम्नलिखित वाक्यों में से अर्थ की दृष्टि से वाक्य के भेद हैं-**

i. **विस्मयादिबोधक वाक्य** ii. **संभावनार्थक वाक्य** iii. **मिश्रित वाक्य** iv.**आज्ञार्थक वाक्य**

**विकल्प-**

**(क) केवल कथन** (i) **सही है।** **(ख) केवल कथन** (ii) **सही है।**

**(ग) केवल कथन** (i) **व** (ii) **सही हैं।** **(घ) कथन** (i), (ii) **और** (iv) **सही हैं।**

2. **निम्नलिखित वाक्यों में से 'अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद' पहचान कर, नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए -**

(i) **ईश्वर आपको जीवन की सारी खुशियाँ दे।**

(ii) **जब मैं रेलवे स्टेशन पहुँचा तब तक गाड़ी जा चुकी थी।**

(iii) **आज प्रधानमंत्री जी विदेश से आने वाले हैं।**

(iv) **तुम यह कार्य मत करो।**

**विकल्प**

**(क) केवल कथन** (i) **सही है।** **(ख) केवल कथन** (ii) **सही है।**

**(ग) कथन** (i),(iii) **और** (iv) **सही है।** **(घ) कथन** (ii) **और** (iii) **सही हैं।**

**Contd…..5.**

3. **कॉलम 1 को कॉलम 2 के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
|---|---|
| 1. शाबाश! तुमने तो कमाल कर दिया। | (i) इच्छा वाचक वाक्य |
| 2. वह बीमारी के कारण नहीं आ सकी। | (ii) विस्मयादिबोधक वाक्य |
| 3. आपकी यात्रा शुभ हो। | (iii) नकारात्मक वाक्य |

**विकल्प-**

(**क**) 1-(ii), 2-(iii), 3-(i)  (**ख**) 1-(ii), 2-(i) , 3-(iii)

(**ग**) 1-(i), 2- (ii), 3-(iii)  (**घ**) 1- (iii), 2- (i), 3 - (ii)

4. **'माधव प्रतिदिन प्रातः भ्रमण के लिए जाया करो।' - अर्थ की दृष्टि से यह वाक्य है-**

   क. कथन वाचक वाक्य  ख. नकारात्मक वाक्य

   ग. आज्ञावाचक वाक्य  घ. इच्छा वाचक वाक्य

5. **'मेहनत करने वालों को सफलता मिलती है।' - वाक्य का उचित संकेत वाचक वाक्य होगा-**

   क. शायद वह मेहनत कर सफलता प्राप्त करें ।

   ख. यदि उन्होंने मेहनत की होती तो सफलता ज़रूर मिलती।

   ग. क्या मेहनत करने वालों को सफलता मिलती है?

   घ. वह मेहनत कर सफलता प्राप्त करें।

**खंड - 'ग' ( क्षितिज गद्य पाठों के आधार पर)**

**प्र 7. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर शब्दों में उत्तर लिखिए।** (1×5=5)

**धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है। एक नई जीवन शैली अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है।उसके साथ आ रहा है एक नया जीवन-दर्शन-उपभोक्तावाद का दर्शन। उत्पादन बढ़ाने पर ज़ोर है चारों ओर। यह उत्पादन आपके लिए है ; आपके भोग के लिए है, आपके सुख के लिए है। 'सुख' की व्याख्या बदल गई है। उपभोग - भोग ही सुख है। एक सूक्ष्म बदलाव आया है नई स्थिति में। उत्पाद तो आपके लिए है, पर आप यह भूल जाते हैं कि जाने - अनजाने आज के माहौल में आपका चरित्र भी बदल रहा है और आप उत्पाद को समर्पित होते जा रहे हैं।**

1. **प्रस्तुत गद्यांश की विधा क्या है ?**

   (क) कहानी  (ख) निबंध  (ग) जीवनी  (घ) रेखाचित्र

2. **गद्यांश के रचनाकार का नाम क्या है ?**

   (क) कृष्णा-सोबती  (ख) प्रेमचंद  (ग) श्यामाचरण दुबे  (घ) हरिशंकर परसाई

3. **कौन- कौन अपना वर्चस्व स्थापित कर रही है ?**

   (क) नई जीवन शैली  (ख) नई संस्कृति  (ग) नई सोच  (घ) नई विचारधारा

   **विकल्प**

   i. केवल उत्तर (क )सही है।  ii.केवल उत्तर (ख)सही हैं।

   iii. उत्तर (क)और (घ) सही हैं।  iv. उत्तर (क) (ख)और (ग) सही हैं।

4. **इस गद्यांश के आधार पर 'सुख' किसे बताया जा रहा है ?**

   (क) उपभोग-भोग को  (ख) उत्पादन को  (ग) निर्माण को  (घ) प्रयोग को

5. **नया जीवन - दर्शन क्या है ?**

   (क) उपभोक्तावाद  (ख) उत्पादनवाद  (ग) भोगवाद  (घ) प्रयोगवाद

**प्र 8. नीचे दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर शब्दों में उत्तर दीजिए-** (1×2=2)

1. **सुमति के पास बाँटने के लिए क्या वस्तु थी ?**

   (क) मिठाई  (ख) पुस्तकें  (ग) गंडे  (घ) कपड़े

2. **कांजीहौस में कैद जानवरों की हालत कैसी थी ?**

   (क) मुर्दों के समान  (ख) भूखे प्यासे  (ग) कमज़ोर  (घ) उपर्युक्त सभी

**Contd…..6.**

**प्र** 9. **निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर शब्दों में उत्तर दीजिए** - (1×5=5)

**मोको कहाँ ढूँढे बंदे, मैं तो तेरे पास में ।**
**ना मैं देवल ना मैं** मस्ज़िद, **ना काबे कैलास में ।**
**ना तो कौने क्रिया- कर्म में, नहीं योग बैराग में ।**
**खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालास में ।**
**कहैं कबीर सुनो भई साधु, सब स्वाँसों की स्वाँस में ।**

1. **इस पद्यांश के कवि का क्या नाम है** ?
   **(क) सुमित्रानंदन पंत** **(ख) कबीर** **(ग) राजेश जोशी** **(घ) प्रेमचंद**
2. **मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ ढूँढता है** ?
   **(क) मंदिर में** **(ख)** मस्ज़िद **में** **(ग) काबा-कैलाश में** **(घ) इन सभी** ज़**गहों पर**

**विकल्प**

i. **केवल उत्तर (क) सही है।** ii. **उत्तर (ख), (ग) और (घ) सही है ।**
iii. **उत्तर(क), (ख), (ग) और (घ) सही है।** iv. **केवल उत्तर(ख) सही है।**

3. '**कहै - कबीर' में किस अलंकार का प्रयोग किया गया है** ?
   **(क) यमक** **(ख) अनुप्रास** **(ग) उपमा** **(घ)रूपक**
4. **इस पद्यांश का काल क्या है** ?
   **(क) आधुनिक काल** **(ख) रीतिकाल** **(ग) भक्तिकाल** **(घ)वीरगाथा काल**
5. **ईश्वर किस विधि से तुरंत मिल जाता है** ?
   **(क) सच्ची खोज करने से** **(ख)क्रिया कर्म करने से**
   **(ग) योग- वैराग्य से** **(घ) पूजा पाठ करने से**

**प्र 10. काव्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उचित विकल्प का चयन कर शब्दों में उत्तर दीजिए** - (1×2=2)

1. "**वाख**" **में** रस्सी का प्रयोग **कवयित्री ने** किसलिए किया है ?
   **क.** रस्सी बंधन का प्रतीक है। **ख.** ईश्वर तक पहुँचने के लिए
   **ग.** रस्सी का प्रयोग प्राणों के उस सहारे के लिए हुआ है जो हमें ईश्वर तक ले जाता है।
   **घ.** जीवन में खुशियों के लिए
2. **कबीरदास** ने किस प्रकार के ज्ञान को महत्व दिया है ?
   **(क) सहज ज्ञान को** **(ख) प्रेम के ज्ञान को** **(ग) धार्मिक ज्ञान को** **(घ) सांसारिक ज्ञान को**

**प्र** 11. **क्षितिज गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं** <u>**तीन**</u> **प्रश्नों के उत्तर** 25 - 30 **शब्दों में दीजिए** -- (2×3=6)

1. "**ल्हासा की ओर** " - **थोङ्ला के पहले के आखिरी गाँव पहुँचने पर भिखमंगे के वेश में होने के बावजूद लेखक को ठहरने के लिए उचित स्थान मिला जबकि दूसरी यात्रा के समय भद्रवेश भी उन्हें उचित स्थान नहीं दिला सका। क्यों** ?
2. "**दो बैलों की कथा**"- **कहानी में किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी** ?
3. "**उपभोक्तावाद की संस्कृति**"- **पाठ के आधार पर कोई एक उदाहरण देकर समझाइए कि आज की उपभोक्तावादी संस्कृति हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार प्रभावित कर रही है** ?
4. "**ल्हासा की ओर**"- **पाठ के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था** ?

**Contd…..7.**

**प्र** 12. **क्षितिज काव्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग** 25 - 30 **शब्दों में दीजिए** -- (2×3=6)

1. "**कबीर की साखियाँ**" - **कविता के आधार पर बताइए कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से** ? **तर्क सहित उत्तर दीजिए ।**
2. "**वाख**"- **कविता के आधार पर बताइए कि कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं** ?
3. "**कबीर की साखियाँ**"- **कविता के आधार पर बताइए कि इस संसार में सच्चा संत कौन है** ?
4. "**वाख**" **कविता के आधार पर बताइए कि ज्ञानी से कवयित्री का क्या आशय है** ?

(**पूरक पुस्तक 'कृतिका' पर आधारित प्रश्न**)

**प्र** 13. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर** 50 - 60 **शब्दों में दीजिए**- (2×4=8)

1. "**इस जल प्रलय**"- **पाठ में बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे** ? **अचानक से आई आपदा से निपटने के लिए अपनी तरफ से आप आप क्या-क्या कर सकते हैं** ? **कोई चार सुझाव दीजिए।**
2. "**इस जल प्रलय**"- **पाठ में ऐसे क्या कारण थे जिनकी वजह से लेखक बाढ़ की सही जानकारी लेने और बाढ़ का रूप देखने के लिए उत्सुक थे** ? **खरीद बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की दुकान पर बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी** ?
3. बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन–कौन सी बीमारियों के फैलने की आशंका रहती है? यह भी बताएँ कि लेखक ने मृत्यु का तरल दूत किसे कहा और क्यों?

**खंड** - '**घ**'

**प्र** 14. **निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग** 120 **शब्दों में अनुच्छेद लिखिए** - (6 **अंक**)

1. **जंक फूड** : **स्वास्थ्य के लिए हानिकारक**

   **संकेत- बिंदु** : **जंक फूड क्या है** ? **इससे क्या हानियाँ हो रही है**? **हमें कैसा भोजन** खाना चाहिए ?
2. विज्ञापनों से घिरा मानव जीवन

   **संकेत-बिंदु** : वर्तमान युग विज्ञापनों का है, विज्ञापन के उद्देश्य, विज्ञापन के लाभ और हानि
3. **प्रदूषण एक समस्या**

   **संकेत- बिंदु** : **एक भयानक समस्या**, **प्रदूषण के प्रकार और कारण**, **प्रदूषण को कम करने में हमारा योगदान**

Contd…..8.

**(औपचारिक अथवा अनौपचारिक पत्र)**

**प्र** 15. **नीचे दिए गए पत्रों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए --** (5 **अंक**)

1• **डेंगू और मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए चिकित्सालयों में अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखिए।**

**अथवा**

2. **आपके बड़े भाई डॉक्टर बनना चाहते हैं। वे 'मेडिकल प्रवेश परीक्षा' की तैयारी में लगे हैं। वे इस परीक्षा में उत्तीर्ण हों, ऐसी शुभकामना करते हुए उन्हें पत्र लिखिए।**

**प्र** 16. **नीचे दिए गए प्रश्नों में से कोई एक प्रश्न हल कीजिए --** (5 **अंक**)

1. **"एक मेहनती किसान " विषय पर लगभग** 100 **शब्दों में लघु कथा लिखिए।**

**अथवा**

2. **भोजन व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता है परंतु शुद्ध खाद्य पदार्थों का मिलना बड़ा कठिन हो गया है। आजकल खाद्य पदार्थो में मिलावट की समस्या** बढ़ती **जा रही है। इस समस्या के समाधान का सुझाव देते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग** 100 **शब्दों में एक ई-मेल लिखिए ।**

**प्र** 17. **नीचे दिए गए प्रश्नों में से कोई एक प्रश्न हल कीजिए -** (4 **अंक**)

1. **बढ़ती महँगाई को लेकर** सब्ज़ी **वाले और एक महिला के बीच हुई बातचीत को लगभग** 80 **शब्दों में संवाद के रूप में लिखिए।**

**अथवा**

2. **आपके विद्यालय में होने वाली खेल प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए खेल सचिव की ओर से लगभग** 80 **शब्दों में सूचना लिखिए ।**

*****